# काली कमली वाले का क्या कहना भजन लिरिक्स

काली कमली वाले का क्या कहना,

दोहा – सांवरी सूरत जो निराली है,
चाल टेडी बड़ी मतवाली है,
उनकी बाकी अदा का हर कोई दीवाना है,
छवि तन मन को हरने वाली है।

---

काली कमली वाले का क्या कहना,
यमुना पर रास रचाते हैं,
होंठो पर लगी मुरली प्यारी,
खुद नाचे और नचाते हैं,
काली कमली वालें का क्या कहना।bd।

---

मोर पँखो का मुकुट शीश पे सजाया है,
कटीले नैनो ने भी दिल पे सितम ढाया है,
श्याम ने जिसका दिल एक बार भी चुराया है,
किया वापस नहीं वो अपना ही बनाया है,
काली कमली वालें का क्या कहना।bd।

---

प्यारे कानों में उनके कुंडल झिलमिलाते हैं,
चमक से अपनी चंद्रमा को भी लजाते हैं,
गले में सांवरिया के वैजंती माला है,
राधा के मन को भाए रूप ये निराला है,
काली कमली वालें का क्या कहना।bd।

---

हर एक गोपी मेरे मनमोहना की कायल है,
उनकी बांकी अदा पे दिल सभी का घायल है,
श्याम की मुरली बाजे राधा जी की पायल है,
उनकी दीवानगी पे 'भूलन' हुआ पागल है,
काली कमली वालें का क्या कहना।bd।

---

काली कमली वालें का क्या कहना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

यमुना पर रास रचाते हैं,
होंठो पर लगी मुरली प्यारी,
खुद नाचे और नचाते हैं,
काली कमली वालें का क्या कहना।bd।

**Singer – Harish Magan Saini**
**Upload By – Deepak**
**9999329034**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com